मीडिया समन्वय कार्यालय

जामिया समन्वय कार्यालय

प्रेस विज्ञप्ति 14 फरवरी

**बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर साईकल रैली को जेएमआई वीसी ने दिखाई हरि झंडी**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्रों ने केन्द्र सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और डिजिटल इंडिया के प्रति लोगों में जागरूगता फैलाने के इरादे से आज एक दो दिवसीय साईकल रैली निकाली जिसे जेएमआई के कुलपति ने हरि झंडी दिखाई।

जेएमआई के एनएसएस ने एनएसएस क्षेत्रीय केन्द्रीय दिल्ली और युवा एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से यह रैली निकाली।

यह रैली जेएमआई से हरियाणा के धौज तक जाएगी और 90 किलोमीटर का सफर तय करके कल वापस लौटेगी। इस रैली में 10 लड़कियां और 10 लड़के हिस्सा ले रहे हैं।

रैली को हरि झंडी दिखाते हुए जेएमआई के कुलपति प्रो तलत अहमद ने लड़कियों को पढ़ाने पर ज़ोर दिया और कहा कि ज़िम्मेदारियां निभाने में लड़कियां लड़कों से ज़रा भी कम नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि यह रैली बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और डिजिटल इंडिया कार्यक्रमों को प्रसारित प्रचारित करेगी।

इस रैली का उददेश्य डिजिटल लेनदेन और भारत को कैश्लैस अर्थव्यवस्था बनाने, बालिकाओं और उनकी शिक्षा के महत्व को उजागर करने के अलावा जेएमआई के छात्रों को भारत के विभिन्न क्षेत्रों की वनस्पतियों एवं जीव जंतुओं का ज्ञान कराना है।

इस अवसर पर जेएमआई के खेल निदेशक डा इक़्तेदार मुहम्मद खान, एनएसएस निदेशक प्रो एन यू खान , अध्यापक, अधिकारी और छात्र उपस्थित थे।

प्रो साईमा सईद
डिप्टी मिडिया कोआरडिनेटर
मोबाइल 9891227771